1. सिन्धु घाटी सभ्यता की खोज कब हुई? **1922-23**

2. सिन्धु घाटी में प्रथम खुदाई में कौन से प्राचीन नगर मिले? **मोहनजोदड़ो और हड़प्पा**

3. सिन्धी भाषा में मोहनजोदड़ो (मुइन जो दड़ो) क्या अर्थ है? **मुर्दों का टीला**

4. मोहनजोदड़ो कहां स्थित है? **पाकिस्तान के सिन्ध प्रान्त के लरकाना जिले में**

5. हड़प्पा कहां स्थित है? **पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त में मोंट गुमरी जिले में**

6. मोहनजोदड़ो में मकान किस चीज के बने मिले? **पक्की ईंटों के**

7. सिन्धु घाटी के लोग किस देवता की पूजा करते थे? **पशुपति शिव**

8. ऋग्वेद की ऋचाओं की रचना किस नदी के किनारें की गई? **सरस्वती नदी**

9. शाक्य गणतन्त्र किस राज्य में फल-फूल रहा था? **कपिल वस्तु में**

10. लिच्छवी गणतन्त्र की राजधानी कहाँ थी? **वैशाली**

11. महात्मा बुद्ध किस वंश से संबंधित थे? **शाक्य**

12. किस भारतीय राजा ने वीरतापूर्वक सिकंदर का सामना किया? **पोरस या पुरु**

13. किस भारतीय राजा ने सिकन्दर का स्वागत करके सर्वप्रथम स्वयं ही उसकी अधीनता स्वीकार कर ली थी ? **आम्भीक**

14. सिकंदर से लोहा लेने वाले पुरु का साम्राज्य किन नदियों के बीच स्थित था? **झेलम एवं चिनाब**

15. बुद्ध के उपदेशों के सर्वप्रथम संदर्भ ग्रंथ कौन से हैं? **त्रिपिटक**

16. महात्मा बुद्ध मगध के किस शासक के काल में मृत्यु को प्राप्त हुए? **अजात शत्रु.**

17. प्राचीन राज्य अवन्ती की राजधानी का नाम बताएं? **उज्जैन**

18. प्रथम बौद्ध परिषद् की बैठक किस राजा के शासनकाल में सम्पन्न हुई?
**अजातशत्रु**

19. मौर्य राज्य स्थापित करने के लिए चन्द्रगुप्त ने किस राजा को परास्त किया?
**सम्राट धनानंद को**

20. चन्द्रगुप्त मौर्य की राजधानी कहां थी? **पाटलिपुत्र (बिहार)**

21. चन्द्रगुप्त मौर्य ने किस के दिशा निर्देशन में अपने साम्राज्य की स्थापना की?
**चाणक्य/ कौटिल्य**

22. चन्द्रगुप्त ने किस विदेशी आक्रमणकारी को परास्त कर उसकी पुत्री से विवाह किया? **सैल्यूकस**

23. ग्रीक यात्री मेगस्थनीज किस सम्राट के राज्य में भारत आया था?
**चन्द्रगुप्त मौर्य**

24. वर्तमान अफगानिस्तान का महाभारत कालीन नाम क्या है? **गांधार**

25. सम्राट अशोक के पिता का क्या नाम था? **बिन्दुसार**

26. बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए श्रीलंका भेजी गई सम्राट अशोक की पुत्री का नाम बताओ। **संघ मित्रा**

27. बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए सम्राट अशोक ने अपने किस पुत्र को बाहर भेजा? **महेन्द्र**

28. मौर्य वंश के राज्य को किसने समाप्त किया? **पुष्यमित्र शुंग ने**

29. मौर्य वंश का अंतिम सम्राट कौन था? **ब्रृहद्रथ**

30. किस राजा के समय सांची स्तूप बनवाया गया? **अशोक**

31. गुप्त वंश का प्रथम सम्राट कौन था? **चन्द्रगुप्त प्रथम**

32. नेपोलियन की तुलना प्राचीन भारत के किस सम्राट से की जाती है? **समुद्रगुप्त**

33. गुप्त साम्राज्य का स्वर्ण युग किस शासक के काल को कहा जाता है?
**चन्द्रगुप्त द्वितीय (विक्रमादित्य)**

34. महान कवि कालिदास किस राजा के शासन काल में थे?
**चन्द्रगुप्त द्वितीय (विक्रमादित्य)**

35. गुप्त वंश में विक्रमादित्य की उपाधि किसने धारण की? **चन्द्रगुप्त द्वितीय**

36. गुप्त वंश के उस राजा का नाम बताओ जिसने दक्षिण विजय का अभियान छेड़ा और जो प्रसिद्ध वीणावादक भी था। **समुद्र गुप्त**

37. उस हिन्दू राजा का नाम बताओ जिसके राज्यमण्डल के मन्त्रियों को नवरत्न कहा जाता था? **चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य**

38. किस प्राचीन हिंदू शासन काल में स्थापत्य कला अपने चरम पर थी? **गुप्त काल**

39. चन्द्रगुप्त प्रथम तथा चन्द्र गुप्त द्वितीय के बीच किस राजा का शासन रहा? **समुद्रगुप्त**

40. किस राजा के शासन काल में कुतुबमीनार के पास लौह स्तम्भ का निर्माण हुआ? **चन्द्रगुप्त द्वितीय**

41. गुप्त साम्राज्य का विनाश किसने किया? **हूणों ने**

42. शुंग वंश की नींव किसने रखी ? **पुष्यमित्र ने**

43. शुग वंश के बाद किस वंश ने राज्य संभाला? **कण्व**

44. कण्व वंश के संस्थापक का नाम बताओ। **वासुदेव**

45. कनिष्क के राजवंश का नाम बताओ। **कुषाण**

46. कनिष्क की राजधानी का क्या नाम था? **पुरूषपुर ( वर्तमान पेशावर )**

47. बुद्ध चरितम के लेखक अश्वघोष किस राजा के दरबार में थे ? **कनिष्क**

48. सातवाहन कहां के शासक थे ? **वर्तमान आन्ध्र प्रदेश व महाराष्ट्र**

49. बर्बर हूण राजा मिहिरकुल का राज्य किसने समाप्त किया? **मालवा नरेश यशोवर्धन तथा मगध नरेश बालादित्य ने**

50. थानेश्वर तथा कन्नौज का राज्य संभालते समय हर्षवर्धन की आयु कितनी थी? **16 वर्ष**

51. हर्षवर्धन की नर्मदा से आगे दक्षिण की विजय यात्रा को किसने रोका? **पुल्केशिन-II**

52. चीनी यात्री ह्युनेत्सुंग किस राजा के शासन काल में भारत आया था? **हर्षवर्धन**

53. किस विश्वविद्यालय ने हर्ष के साम्राज्य में प्रगति की? **नालन्दा**

54. ह्यूनेत्सुंग के अनुसार सम्राट हर्षवर्धन प्रत्येक छटे वर्ष कहां पर अपना सर्वस्व दान कर देते थे? **प्रयागराज के कुम्भ पर्व में**

55. चालुक्य राजा पुल्केशिन द्वितीय को किसने परास्त किया तथा मार डाला? **पल्लव राजा नरसिंह वर्मन-I**

56. एलोरा का कैलाश मंदिर किसके द्वारा बनवाया गया? **राष्ट्रकूट राजा कृष्णप्रथम**

57. असम का सबसे पुराना नाम क्या है? **प्रागज्योतिषपुर**

58. प्राग्ज्योतिषपुर का क्या अर्थ है? **प्राचीन ज्योतिष का नगर**

59. कामरूप के उस राजा का नाम बताओ जिसके शासन काल में ह्वेन सांग भारत आया था? **भास्कर वर्मन**

60. राष्ट्रकूट वंश की स्थापना किस राजा ने की? **दन्ति दुर्ग**

61. किस राजा के शासन काल में पल्लव वंश का सर्वाधिक विकास हुआ? **नरसिंह वर्मन**

62. पल्लव वंश का अंत किसने किया? **चोल शासक अपराजित ने**

63. पल्लव शक्ति का केन्द्र कौन सा स्थान था? **कांचीपुरम**

64. चोल राजवंश की सर्वप्रथम राजधानी कौन सी थी? **उरेयूर**

65. भारत पर आक्रमण करने वाले प्रथममुस्लिम का नाम बताओ? **मुहम्मद बिन कासिम**

66. भारतवर्ष के कौन से भाग में अरब देशों द्वारा सर्वप्रथम आक्रमण हुयें? **सिंध**

67. किस फारसी विद्वान ने भारत को धरती का स्वर्ग कहा था? **अमीर खुसरो**

68. भारत में ताम्बे के सिक्के सर्वप्रथम किस सुल्तान ने चलवाए? **इल्तुतमिश/अल्तमश**

69. कौन सी प्राचीन जन जाति के नाम पर प्रदेश का नाम आसाम पड़ा? **अहोम**

70. असम के इतिहास में स्वर्ग देव दुर्गा रुद्र सिंह का काल सबसे अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। उसे क्या उपनाम दिया गया है? **पूर्वोत्तर का शिवाजी**

71. पालवंश (बंगाल में) का संस्थापक कौन था? **गोपाल**

72. पालवंश में सर्वोत्कृष्ट शासक कौन था? **धर्मपाल**

73. मगध में विक्रमशिला विश्वविद्यालय किस राजा ने स्थापित किया? **धर्मपाल**

74. सेन वंश (बंगाल में) के संस्थापक का नाम बताइए। **सामन्त सेन**

75. सेन वंश के सर्वोत्कृष्ट शासक का नाम? **विजय सेन**

76. सेन वंश के अन्तिम शासक का नाम? **लक्ष्मण सेन**

77. महमूद गजनवी ने भारत पर कितनी बार आक्रमण किया? **17 बार**

78. सोमनाथ की ओर बढ़ रहे महमूद गज़नवी को रोकने के लिए किस राजस्थानी वीर ने अपूर्व संग्राम किया? **घोघा बापा**

79. सोमनाथ के पवित्र मंदिर पर किस विदेशी ने आक्रमण किया? **महमूद गजनवी**

80. तराइन का प्रथम युद्ध किन–किन के बीच हुआ?

**पृथ्वीराज चौहान तथा मोहम्मद गोरी**

81. पृथ्वीराज ने मौहम्मद गोरी को कितनी बार परास्त किया? **16 (सोलह बार)**

82. तराइन के दूसरे युद्ध में किसने किस को हराया? **मौहम्मद गोरी ने पृथ्वीराज को**

83. पृथ्वीराज चौहान की अस्थियाँ कहाँ रखी थीं? **अफगानिस्तान में**

84. किस भारतीय राजा ने मौहम्मद गोरी द्वारा पृथ्वीराज पर आक्रमण करने के दौरान उसकी सहायता की थी? **जयचन्द्र ( कन्नौज का गहडवाल शासक )**

85. दास वंश या गुलाम वंश की नींव भारत वर्ष में किस ने रखी?

**कुतुबुद्दीन ऐबक ने**

86. गुलाम वंश के किस राजा को दरवेश राजा कहा जाता है?

**नसीरुद्दीन महमूद**

87. भारत में सूफी मत के संस्थापक कौन थे? **ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती**

88. भारत में प्रचलित हुए प्रमुख सूफी सिलसिले (सम्प्रदाय) कौन–से थे?

**चिश्तिया, सुहरावर्दी, नक्शबंदी, कादिरी, फिरदौस**

89 गुलाम वंश का अंत किसने किया? **जलालुद्दीन खिलजी ने**

90. दिल्ली सल्तनत के दौरान कितने राजवंशों ने दिल्ली पर राज्य किया?

**पाँच– गुलाम वंश, खिलजी वंश, तुगलकवंश, सैयदवंश तथा लोदीवंश**

91. एकमात्र मुस्लिम महिला शासक, रजियाबेगम किस वंश से थी? **गुलामवंश**

92. खिलजी वंश में कुल कितने शासको ने राज्य किया? **मात्र तीन– जलालुद्दीन, अलाउद्दीन खिलजी तथा कुतुबुद्दीन मुबारक खिलजी**

93. तुगलक वंश के संस्थापक का नाम बताओ? **ग्यासुद्दीन तुगलक**

94. तैमूरलंग के आक्रमण के समय भारत का राजा कौन था?

**सुल्तान महमूद तुगलक**

95. सैयद वंश के संस्थापक का नाम? **खिजर खां**

96. लोदी वंश के संस्थापक का नाम? **बहलोल लोदी**

97. दक्षिण के हिन्दू राजाओं के खिलाफ पहला मुस्लिम हमला किस सुल्तान ने किया था? **अलाउद्दीन खिलजी**

98. किस शासक के दरबार में इब्न बतूता भारत आया? **मुहम्मद बिन तुगलक**

99. 14वीं शताब्दी में विजय नगर साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?

**हरिहर तथा बुक्काराय**

100. विजय नगर साम्राज्य के सुप्रसिद्ध राजा का नाम बताओ। **कृष्ण देवराय**

101. दक्षिण में बहमनी साम्राज्य की स्थापना किसने की?

**हसन ने, जो अब्दुल मुजफ्फर अलाउद्दीन बहमन शाह के नाम से गद्दी पर बैठा**

102. पाण्डय राज्य का राजनीति तथा सांस्कृतिक केन्द्र कहाँ था? **मदुरै**

103. श्रवण बेलगोला में प्रसिद्ध जैन प्रतिमा गोमतेश्वर की स्थापना किस राजवंश के समय में हुई? **गंग**

104. मुगल साम्राज्य की स्थापना भारत में किसने की? **बाबर**

105. मुगल शासकों में एक बार राज्य खोने के बाद दोबारा गद्दी पर कौन बैठा? **हुमायूँ**

106. हिन्दुओं पर से जजिया कर किस मुगल बादशाह ने समाप्त किया? **अकबर**

107. अकबर के नवरत्नों में से कौन ब्रह्मदास उपनाम से कविता करता था? **बीरबल**

108. वर्तमान में ग्रांड ट्रंक रोड (जी.टी. रोड)के नाम से प्रसिद्ध राजमार्ग को मध्य काल में किस शासक ने पुनर्विकसित किया था? **शेरशाह सूरी**

109. आगरा, फतेहपुर, सीकरी, इलाहबाद (प्रयाग) व लाहौर के किले किसने बनवाये थे? **अकबर**

110. दीन–ए–इलाही धर्म का संस्थापक कौन था? **अकबर**

111. अकबर का मकबरा कहां स्थित है? **सिकंदरा ( आगरा )**

112. शेरशाह के काल में दीवाने–रिसालत किस विभाग से सम्बन्धित थी?

**विदेशी मामलों से**

113. किसने बाबर को भारत पर आक्रमण करने के लिए बुलाया था? **दौलत खां लोदी**

114. अकबर ने आमेर के किस राजा की पुत्री से विवाह किया था? **भारमल**

115. मुगल साम्राज्य में 15 वर्षों तक व्यवधान डालने वाले शासक का नाम बताओ।

**शेरशाह सूरी**

116. जहांगीरी महल किस जगह बना है? **आगरा के किले मे**

117. 1608 ई. में जहांगीर के दरबार में इंगलैंड के राजा जेम्स का पत्र लेकर व्यापार की अनुमति लेने कौन आया था? **कैप्टेन हॉकिन्स**

118. शाहजहाँ का वास्तविक नाम क्या था? **खुर्रम**

119. शाहजहाँ के उस पुत्र का नाम बताओ जो संस्कृत का विद्वान था।

**दारा शिकोह**

120. नादिरशाह के आक्रमण के समय दिल्ली पर किसका राज्य था? **मुहम्मदशाह रंगीला**

121. भारत से लूटकर कोहिनूर ईरान ले जाने वाले आक्रमणकारी का नाम क्या था? **नादिरशाह**

122. असम के वे वीर कौन थे जिन्होंने औरंगजेब को परास्त किया? **लाचित बड़फुकन**

123. चांद बीबी, जिसने मुगल सम्राट अकबर की सेना से मुकाबला किया, किस नगर के शासक की पुत्री थी? **अहमद नगर**

124. अन्तिम मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर (द्वितीय) को अंग्रेज सरकार ने देश निकाला देकर कहां भेज दिया था? **रंगून**

125. मेवाड़ के प्रथम राणा का नाम बताओ? **गुहिल**

126. मेवाड़ के राणा बाप्पा रावल का वास्तविक नाम? **काल भोज**

127. ईरान को अपने राज्य में मिलाने वाले राजा का नाम बताओ। **बप्पा रावल**

128. रानी पद्मिनी के पति का नाम बताओ? **रतन सिंह**

129. चित्तौड का प्रथम शाका किसे कहते हैं? **रानी पद्मिनी द्वारा जौहर को**

130. रानी पदमिनी ने जौहर क्यों किया था?

**सुल्तान अल्लाउद्दीन खिल्जी की बुरी नज़र से बचने के लिए**

131. वीर शिवाजी के उस पूर्वज का नाम बताओ जो चित्तौड छोड़कर गए थे? **सज्जन सिंह**

132. मेवाड़ के भीष्म नाम से प्रसिद्ध व्यक्ति का नाम? **चूण्डा**

133. मेवाड़ के उस वीर राणा का नाम बताओ, जो संस्कृत का विद्वान, लेखक तथा कुशल शिल्पी भी था? **राणा कुम्भा**

134. चित्तौड़ में विजयस्तभ किसकी स्मृति में बनवाया? **राणा कुम्भा की महमूद खिलजी पर विजय**

135. मेवाड़ के राणा सांगा का पूरा नाम क्या था? **राणा संग्राम सिंह**

136. मेवाड़ के उस वीर राणा का नाम बताओ जिसके शरीर में80 घावों के निशान थे? **राणा सांगा (संग्राम सिंह)**

137. मेवाड़ के किस राणा ने दिल्ली के इब्राहिम लोदी को परास्त किया था? **राणा सांगा**

138. किस रानी ने चित्तौड़ की रक्षा के लिए हुमायूं के पास राखी भेजकर सहायता मांगी थी? **राणा सांगा की पत्नी कर्मवती ने**

139. चित्तौड़ का दूसरा शाका किसे कहते हैं? **रानी कर्मवती द्वारा जौहर**

140. रानी कर्मवती ने जौहर क्यों किया? **हुमायु से समय पर सहायता प्राप्त न होने और गुजरात के बहादुर शाह से पराजित होने के कारण**

141. चित्तौड़ के किले में विजय स्तम्भ किसने बनवाया? **राणा कुम्भा**

142. बाबर के विरुद्ध खानवा के मैदान में किस राजपूत राजा ने युद्ध किया? **राणा सांगा (संग्राम सिंह)**

143. राणा उदय सिंह को बचपन में ही मार डालने का प्रयास किसने किया? **उसके चचेरे भाई बनबीर ने**

144. राणा उदय सिंह की प्राण रक्षा किसने की? **धाय मां पन्ना ने**

145. राणा उदय सिंह के स्थान पर बनबीर ने किसकी हत्या की? **पन्ना के पुत्र चंदन की**

146. राणा प्रताप का जन्म कहाँ हुआ था? **कुम्भलगढ़ में**

147. अकबर द्वारा राणा उदय सिंह पर आक्रमण करने पर चित्तौड़ की रक्षा का भार किसने लिया? **जयमल और पत्ता ने**

148. चित्तौड़ का तीसरा शाका किसने किया? **पत्ता की पटरानी फूल कुंवर ने**

149. अकबर से हार जाने पर उदय सिंह ने अपनी राजधानी कहां स्थापित की? **गोगुन्दा में**

150. उदय सिंह की मृत्यु के दिन कौन सा त्यौहार था? **होली**

151. उदय सिंह ने किसे अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था? **जगमाल सिंह**

152. महाराणा प्रताप ने सर्वप्रथम किस स्थान को अपनी राजधानी बनाया? **कुम्भलगढ़**

153. चित्तौड़ के किस राजा ने मुहम्मद तुगलक को हरा कर तीन माह तक कैद में रखा? **हम्मीर**

154. रानी पद्मिनी के उस वीर भाई का नाम बताओ जिसने अपने जीजा रत्न सिंह को अलाउद्दीन की कैद से छुड़ाने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया? **गोरा**

155. मेवाड़ में हिन्दु सुरताणा (हिन्दुओं का बादशाह) किसे कहा गया है? **महाराणा कुम्भा**

156. कृष्ण भक्त मीराबाई के पिता का नाम बताओ? **रतन सिंह**

157. मीराबाई के पति का नाम बताओ? **भोजराज**

158. मीरा का जन्म कहाँ हुआ था? **मेड़ता के पास कुड़की गांव में**

159. मीरा बाई का राणा प्रताप से सम्बन्ध बताइए? **प्रताप की ताई**

160. मीराबाई को विष किसने दिया? **उनके देवर राणा विक्रमादित्य ने**

161. हल्दी घाटी युद्ध में कौन वीर राणा प्रताप का राजचिन्ह धारण कर अकबर की सेना से लड़ते हुए मारा गया? **झाला मान सिंह**

162. राणा प्रताप के भील सरदार का नाम बताओ। **पुंजा**

163. महाराणा प्रताप की तरफ से लड़ने वाले मुस्लिम सरदार का क्या नाम था? **हकीम खां सूरी**

164. किस राजा ने घास की रोटियां खाना स्वीकार किया मगर मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की? **राणाप्रताप**

165. किस दानवीर ने अपनी जन्मभर की संचित धनराशि राणाप्रताप को दे दी? **भामाशाह**

166. राणा प्रताप किस सन में मेवाड़ के शासक बने थे? **1572**

167. राणा सांगा कहां के शासक थे? **मेवाड़**

168. राणा सांगा और राणाप्रताप में क्या सम्बन्ध था? **दादा-पोते**

169. राणा कुम्भा द्वारा निर्मित राजस्थान का अजेय व दुर्गम दुर्ग कौन सा है? **कुम्भल गढ़**

170. एत्माद्दोला का मकबरा किसके शासनकाल में बना था? **जहांगीर**

171. अलाउद्दीन खिलजी को परास्त करने वाले राणा हम्मीर की राजधानी का नाम बताओ। **रणथम्भोर (सवाई माधोपुर)**

172. मारवाड़ के उस वीर का नाम बताइए जिसने अजीत सिंह को राज्य दिलाने हेतु औरंगजेब का तीव्र प्रतिरोध किया? **दुर्गादास राठौर**

173. शिवाजी का राज्यारोहण किस वर्ष हुआ? **1674**

174. छत्रपति की उपाधि प्राप्त करने के बाद शिवाजी ने अपनी राजधानी कहां बनाई? **रायगढ़**

175. शिवाजी के ज्येष्ठ पुत्र का क्या नाम था? **शम्भा जी महाराज**

176. किस राजा के मंत्रीमण्डल को अष्टप्रधान नाम दिया गया था? **शिवाजी**

177. शिवाजी का पौत्र शाहू कितने वर्ष तक मुगलों की कैद में रहा? **18 वर्ष**

178. किस राजा ने शिवाजी को औरंगजेब के साथ सन्धि करने को प्रेरित किया? **राजा जयसिंह**

179. मराठा शासन में प्रधानमंत्री को क्या पदवी दी जाती थी? **पेशवा**

180. जिस प्रथम पेशवा ने मराठा राज्य का शासन अपने हाथ मे ले लिया, उसका नाम बताओ। **बालाजी विश्वनाथ**

181. शिवाजी के बाद जिस पेशवा ने मराठा राज्य को उत्कर्ष पर पहुँचाया, उसका नाम बताओ। **बालाजी बाजीराव**

182. मराठा राज्य जिन पांच प्रमुख ताकतों में विभाजित हुआ उनके नाम बताओ। **पूना मे पेशवा, बड़ौदा में गायकवाड़, नागपुर मे भोंसले, इन्दौर में होल्कर तथा ग्वालियर में सिन्धिया**

183. गुरु गोविन्द सिंह ने किस मुगल शासक को गद्दी दिलाने में सहायता दी? **बहादुरशाह (मुअज्जम)**

184. राज्यारोहण के समय राजा रणजीत सिंह की आयु क्या थी? **19 वर्ष**

185. पंजाब के किस शासक ने अफगानिस्तान के शाह को हराकर कोहिनूर हीरा वापस प्राप्त किया था? **महाराजा रणजीत सिंह**

186. पंजाब में सिख राज्य के संस्थापक महाराजा रणजीत सिंह की राजधानी कहां थी? **लाहौर**

187 अवध के अन्तिम नवाब का नाम बताओ? **वाजिद अली शाह**

188. वास्कोडिगामा भारत में प्रथम बार किस स्थान पर पहुंचा? **कालीकट**

189. गोवा में पुर्तगालियों का शासन कितने वर्ष रहा? **451 वर्ष (1510 से 1961)**

190. महाराजा रणजीत सिंह के वे वीर सेनापति कौन थे जिन्होंने अपने राज्य की सीमाएं अफगानिस्तान तक फैला दी थी? **हरिसिंह नलवा**

191. ब्रिटिश साम्राज्ञी ने किस वर्ष भारत में अंग्रेजी राज्य को अपने हाथ में लिया? **1858**

192. अंग्रेजी राज्य की पहली राजधानी कौन सी थी? **कोलकाता**

193. कोलकाता से दिल्ली राजधानी बदलने की घोषणा कब की गई? **1911**

194. जलियां वाला हत्याकांड किस वर्ष में हुआ? **1919**

195. विभाजन से पूर्व आसाम की राजधानी कौन-सी थी? **शिलांग**

196. विश्वयुद्ध द्वितीय में शहीद हुए सैनिकों की याद में, पूर्वोत्तर के किस प्रदेश में एक युद्ध समाधि बनाई गई है? **मणिपुर**

197. नागालैंड भारत का 16वां प्रदेश कब बना? **फरवरी 1963**

198. मणिपुर भारत का 20वां प्रदेश कब बना? **21 जनवरी 1972**

199. कौन सा प्रदेश है जिसके नाम का शाब्दिक अर्थ है बादलों का घर? **मेघालय**

200. मिजोरम को पहले किस नाम से जाना जाता था? **लुषाई हिल्स**

201. लुषाई हिल्स को मिजोरम नाम कब दिया गया? **1954**

202. मणिपुर में वह कौन सा स्थान है जहां आजाद हिन्द फौज के जवानों ने कर्नल लक्ष्मी स्वामी नाथन के नेतृत्व में अंग्रेजों से सर्वप्रथम मुक्त किए गए भारतीय क्षेत्र की मिट्टी को चूमा? **पल्लेल**

203. 12 अप्रैल 1944 को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने भारतीय भूमि पर सर्वप्रथम आजाद हिन्द फौज का झंडा लहराया। वह कौन सा स्थान था?

**मोयरांग ( मणिपुर )**

☆ ☆ ☆